निबंधन और शर्तें
वरिष्ठ परामर्शदाता – बाल स्वास्थ्य पोषण

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद के लिए अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों से केवल संविदात्मक आधार पर आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- पोषण पुनर्वास केंद्रों से संबंधित सभी कार्यों,'माँ' (एमएए) और आईवाईसीएफ, स्तनपान प्रबंधन केंद्रों (एलएमसी) इत्यादि से संबंधित सभी कार्यों की आयोजना, समीक्षा तथा उनके कार्यान्वियन के साथ बाल स्वास्थ्य पोषण कार्यक्रमों में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को तकनीकी प्रबंधन संबंधी सहायता उपलब्ध कराना।
- निर्णय करने के लिए उच्चतर अधिकारियों को सूचित करने हेतु आँकड़ों का विश्लेषण करना, कार्यक्रम और स्थिति की त्रैमासिक आधार पर समीक्षा करना।
- समय-समय पर कुपोषण से संबंधित किए जाने वाले सर्वेक्षणों के आँकड़ों का विश्लेषण करना तथा नीति की जानकारी देने के लिए रिपोर्ट तथा स्थिति संबंधी पेपर विकसित करना।
- उपर्युक्त कार्यक्रमों के लिए परिचालन दिशा-निर्देश, पीपीटी, श्वेत पत्र, नीतिगत नोट तैयार करना।
- नीति और विकास/पोषण कार्यक्रमों/परियोजनाओं के अभिकल्प और प्रबंधन का मार्गदर्शन करने के लिए बाल पोषण के संबंध में सामयिक, व्यापक और वर्तमान आँकड़ों की उपलब्धता सुनिश्चित करनेके लिए सहयोग देना/तैयारी करने में सहायता देना/अभिकल्प एवं आचरण/पोषण परिदृश्य हेतु स्थिति विश्लेषण को अद्यतन करना।
- कार्यक्रमों प्रभागों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा उनसे जानकारियां लेने, संगतता और सहक्रियाशीलता हेतु विश्लेषण करने, घटक-वार बजटों की समीक्षा करने, मानकों के अनुवर्तनों को सुनिश्चित करने तथा राज्यों को संशोधन के लिए अपेक्षित जानकारियां उपलब्ध कराने और राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति की बैठकों में चर्चा करने हेतु अंतिम कार्यक्रम कार्यान्वियन योजनाएं प्रस्तुत करके बाल पोषण के क्षेत्र में आबंटित राज्यों के कार्यक्रम कार्यान्वियन योजना की जिम्मेदारी।
- तकनीकी दस्तावेजों की समीक्षा करना और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पोषण संबंधी विषय पर टिप्पणियाँ उपलब्ध कराना।
- राज्यों में पोषण कार्यक्रम कार्यान्वियन की समीक्षा करने, कार्यान्वियन में आने वाली चुनौतियों की पहचान करने तथा उनके उपयुक्त समाधान ढूंढ़ने के लिए राज्यों की सहायता करने हेतु राज्यों तथा जिलों के आवधिक दौरे करना।

पात्रता:

- एमबीबीएस के साथ जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर अर्हता तथा 3+ वर्ष का कार्य अनुभव यागैर-एमबीबीएस (परंतु बीडीएस/बीएएमएस/बीएचएमएस / आयुष स्नातक/बी.एससी उपचर्या) तथा जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर अर्हता के साथ 5+ वर्ष का कार्य अनुभव।
- एसएएम प्रबन्धन, आईवाईसीएन, सूक्ष्म पोषक सम्पूरण, आईएमएनसीआई इत्यादि के संबंध में तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन किया हो।
- भारत में कुपोषण के संबंध में नवीनतम वाद-विवादों तथा परिप्रेक्ष्यों के विषय में प्रवीणता।
- देश के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों में उपलब्ध पोषण आधारों की जानकारी।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य पोषण के क्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रकाशन।
- अत्यंत अपेक्षित पर्यावरण में कार्य करने, शैक्षिक संस्थानों के बहु-स्तरीय भागीदारों के साथ सम्पर्क करने की योग्यता।
- संगत आंकड़ों और दस्तावेजों की तलाश करने के लिए एमएसवर्ड, एक्सेल, पॉवर प्वॉइंट और वेब सर्फिंग जैसे आम तौर पर उपयोग में आने वाले पैकेजों की उच्च स्तरीय जानकारी के साथ कम्प्यूटर में दक्षता।
- सम्प्रेषण और प्रस्तुतिकरण में उत्कृष्ट कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर-वैयक्तिक योग्यता, अंग्रेजी में मौखिक और लेखन सम्प्रेषण में उत्कृष्ट कौशल। हिंदी का कार्यासाधक ज्ञान भी वांछनीय।
- उच्च गुणवत्ता के कार्य का प्रकाशन होने की स्थिति में या विशिष्ट संगत कार्य का अनुभव होने की स्थिति में औपचारिक शैक्षिक अर्हता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को अधिकतम आयु-सीमा 50 वर्ष होनी चाहिए तथा क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमा: रुपये 90,000/- से रुपये1,50,000/- प्रतिमाह के बीच।

स्थान: नई दिल्ली

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे टीओआर के साथ संलग्न आवेदन प्रपत्र जो एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, को डाउनलोड करें तथा दिनांक **28-Jun-2019** तक आवेदन पूर्णतया भर कर rch.recruitment@gmail.com पर ई-मेल करें। अन्य रूप से भेजा गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र में आवेदित पद का उल्लेख किया गया है अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।